मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 126 ■ बुधवार, 31 जुलाई 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**3 शादी करना चाहती हैं अनन्या**

## 'मेरी हत्या भी हो गई तो भी चलेगा, मैं शहर का विकास करता रहूंगा'

- विधायक किणीकर ने इंस्टाग्राम पर किया पोस्ट

▸▸ यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** शिवसेना के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर द्वारा सोमवार रात में इंस्टाग्राम एवं सोशल मीडिया पर 'उनकी जान को खतरा है' ऐसी पोस्ट डालने से शहर में खलबली मच गई है. पोस्ट में लिखा है कि कुछ असामाजिक तत्व पक्ष प्रमुख, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे साहेब तथा अंबरनाथ में उनके द्वारा शुरू विकास कार्यों में जानबूजकर रोडा अटका रहे हैं और विकास कामों के विरुद्ध काम कर रहे हैं. उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा है कि मेरी हत्या भी होती है तो भी मैं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का साथ नहीं छोड़ूंगा और अंबरनाथ विधानसभा, अंबरनाथ शहर के सर्वांगीण विकास कार्य को करता रहूंगा तथा विकास कार्यों को रुकने नहीं दूंगा.

किणीकर द्वारा ऐसी पोस्ट किए जाने पर शहर में इस बात की चर्चा है कि जो विकास कामों में रुकावट डाल रहा है और जो उनकी हत्या करना चाहता है वह कौन है? पोस्ट डालने के बाद पुलिस भी सतर्क हो गई है. इसमें कोई शक नहीं कि पुलिस इसकी जांच करेगी.

विदित हो कि सोमवार को नगर परिषद में उन्होंने शहर की समस्याओं एवं विकास कामों पर चर्चा करने के लिए एक सभा का आयोजन नपा में किया था. जिसमें उन्होंने अधिकारियों पर गुस्सा भी जताया था. बैठक में शिवसेना के पूर्व नगरसेवक, नेतागण बड़ी संख्या में उपस्थित थे. बैठक में गर्मागर्मी भी हुई. उसके बाद रात में उन्होंने ये सनसनी फैलाने वाला पोस्ट इंस्टाग्राम, सोशल मीडिया पर डाला है.

**स्वास्थ्य समस्या** | भारी वर्षा के बाद जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ा

# गैस्ट्रो के सैकड़ों मरीज अस्पताल में

- उल्हासनगर व अंबरनाथ में सफाई का अभाव
- विधानसभा चुनाव में छाया रहेगा सड़क, पानी व कचरे का मुद्दा





**उल्हासनगर.** पिछले कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण ठाणे जिले के कल्याण, अंबरनाथ और उल्हासनगर शहर में जन जनित बीमारियों का खतरा हो गया है। महानगरपालिका द्वारा कचरा न उठाने और साफ सफाई न होने के कारण शहर में गैस्ट्रो बीमारी से पैर पसारे हैं।

सरकारी व निजी अस्पताल में इस तरह के मरीज देखने को मिल सकते हैं। शहर में बढ़ती बीमारियों पर अंकुश लगाने के लिए शहर में सफाई की आवश्यकता है और जगह-जगह पावडर का छिड़काव होना चाहिए और सड़क व नाले के किनारे नाश्ता विक्रेताओं पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। बारिश में होनी वाली बीमारियों के लिए प्रशासन को अपील भी करनी आवश्यक है। शहर के कई इलाकों में मट मैला पानी की भी शिकायतें मिल रही है। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव में सड़क, पानी व कचरे साफ सफाई जैसे मुद्दे छाए रहेंगे क्योंकि प्रशासन के साथ नेता भी इन मुद्दों को उठाने में फेल हुए हैं।

जिले में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिसके परिणामस्वरूप शहर के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर जलजमाव हो गया है। ऐसे में देखा गया है कि गैस्ट्रो की समस्या सिर उठा रही है। बारिश के मौसम में अक्सर पेट की समस्याएं बढ़ जाती हैं क्योंकि इन दिनों में जलजनित बीमारियों का खतरा सामान्य से अधिक होता है। इन दिनों में गैस्ट्रो समस्याएं 20-30 प्रतिशत तक बढ़ जाती हैं। जिले में अन्य मौसमों की तुलना में मानसून के दौरान गैस्ट्रो समस्याएं 40 से 50 प्रतिशत तक बढ़ जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, मानसून के दौरान हैजा और टाइफाइड बुखार जैसी जल-जनित बीमारियों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। इंडियन जनरल ऑफ पीडियाट्रिक्स के अनुसार, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सबसे अधिक खतरा होता है, मानसून के दौरान अस्पताल में भर्ती होने वाले 50% बच्चों में जीआई संक्रमण का निदान किया जाता है।

गैस्ट्रोएंटेराइटिस (गैस्ट्रो) एक आंत्र संक्रमण है जो दस्त (पतला, पानी जैसा मल) और कभी-कभी उल्टी का कारण बनता है। उल्टी जल्दी ठीक हो सकती है, लेकिन दस्त 10 दिनों तक रह सकता है। गैस्ट्रो कई अलग-अलग कीटाणुओं के कारण हो सकता है, हालांकि गैस्ट्रो का सबसे आम कारण वायरल संक्रमण है।

### बाहर के खाने से परहेज करें

- डॉक्टरों का कहना है कि बच्चों को खुली सड़क का खाना खाने से बचना चाहिए. स्ट्रीट फूड विक्रेता अक्सर गंदी परिस्थितियों में काम करते हैं। बाहर रखा भोजन मक्खियों, धूल, प्रदूषित हवा और बारिश के पानी से दूषित हो सकता है।
- ये अस्वच्छ स्थितियाँ हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस के प्रसार का कारण बनती हैं। जो डायरिया और हैजा जैसे पेट के संक्रमण का कारण बन सकता है। मानसून के दौरान फलों और सब्जियों को खाने से पहले साफ पानी से धोना चाहिए।
- कचरे का उचित निपटान आवश्यक है। यदि किसी में जीआई संक्रमण के लक्षण हैं, तो उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए, क्योंकि शीघ्र निदान और उपचार से जटिलताओं और संक्रमण के प्रसार को रोका जा सकता है।
- डॉक्टरों के मुताबिक, मानसून के दौरान जगह-जगह सीवेज जमा होने से पीने के पानी और भोजन की गुणवत्ता पर गंभीर असर पड़ता है। ऐसे दूषित पानी या भोजन का सेवन करने से दस्त, उल्टी और पेट दर्द जैसे लक्षण पैदा होते हैं।
- ऐसे लक्षणों के प्रति सचेत रहना और बचाव के उपाय करना जरूरी है। जीआई संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए, सीधे नल का पानी पीने से बचें और इसके बजाय उबला हुआ और ठंडा पानी या बोतलबंद पानी का उपयोग करें।
- खाने से पहले और शौचालय का उपयोग करने के बाद हाथ धोना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। जिन जगहों पर साबुन और पानी उपलब्ध नहीं है, वहां हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल फायदेमंद हो सकता है।

## पानी के कई मीटर चोरी

- शहर पूर्व में बिल्डिंग के 25 मीटर चोरी

▸▸ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व और पश्चिम में गत कई दिनों से पानी के मीटर चोरी होने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं. शहर पूर्व में एक इमारत से अज्ञात चोर ने 25 पानी के मीटर चोरी कर लिए हैं, तो शहर पश्चिम में गत कुछ दिनों में 10 से 12 पानी के मीटर अज्ञात चोर ने पाइप के साथ उखाड़ कर चोरी कर लिए हैं. दुर्गापाड़ा पालेगांव के लैंडस्कैप हाइट्स सोसायटी के सेक्रेटरी रमेश विट्ठल सुतार (55) ने शिवाजी नगर पुलिस में शिकायत लिखाई है कि 26 जुलाई की रात से 27 जुलाई की रात 2.30 बजे के दरम्यान अज्ञात चोर ने उनकी बिल्डिंग के पानी के ऊपर लगाए गए 25 पानी मीटर चोरी कर लिए हैं. शहर पश्चिम में भी भवानी चौक के पास खुंटवली में पानी के मीटर चोरों ने आतंक मचा रखा है. रात के समय ये अज्ञात चोर पानी के मीटर प्लास्टिक पाइप के साथ उखाड़ा कर चोरी कर रहे हैं. पानी के मीटर पीतल के होते हैं. उसे बेचने पर भंगार वाले चोर को 100 या 200 रुपए देते हैं. लेकिन जिसका मीटर चोरी हुआ है, उसे नया मीटर लगाने में 2500 रुपए तक खर्च आता है. मजीप्रा नए मीटर लगाने के लिए 340 रुपए लेकर रसीद देते हैं. पुलिस को रात का गश्त बढ़ाकर इन पानी के मीटर चोरों को जल्द से जल्द पकड़ना होगा.

## डकैती डालने से पूर्व 5 डकैत गिरफ्तार

- उल्हासनगर के हिस्ट्रीशीटर हैं डकैत
- आरोपियों पर हफ्ता वसूली के अपराध दर्ज
- नेवाली के ज्वलेर्स दुकान को लुटने आए थे
- पुलिस को मिली कामयाबी



उल्हासनगर. हिललाइन पुलिस स्टेशन क्षेत्र में 22 जुलाई को हिस्ट्रीशीटर अपराधी युवराज पवार और राहुल गायकवाड़ ने अपने साथियों के साथ मिलकर पुरानी दुश्मनी को लेकर एक व्यक्ति की पिटाई की थी। इसके बाद उन्होंने नेताजी चौक पर दुकानदारों को पिस्तौल का भय दिखाकर प्रति माह 5000 रुपये हफ्ता देने की मांग की. चूँकि ये हिस्ट्रीशीटर लगातार हिललाइन पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर आतंक पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसे में पुलिस उपायुक्त डॉ. सुधाकर पठारे, सहायक पुलिस आयुक्त सुरेश वराडे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल जगताप के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम नियुक्त की गई. पुलिस को गुप्त मुखबिर से सूचना मिली कि यह हिस्ट्रीशीटर अपराधी अपने साथियों के साथ नेवाली नाका स्थित महालक्ष्मी ज्वैलर्स नाम की दुकान में डकैती डालने जा रहा है. पुलिस ने इस हिस्ट्रीशीटर अपराधी को उसके साथियों के साथ उस समय गिरफ्तार किया जब वे डकैती करने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने उनके पास से पिस्टल, जिंदा कारतूस, लोहे का सरिया, मिर्च पाउडर, तार और रस्सी बरामद की गई है. इस बार 2 आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले, लेकिन पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में उनका पीछा किया और उन 2 आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया. इस मामले में हिललाइन पुलिस ने पांच आरोपियों युवराज पवार, राहुल गायकवाड़, वासुदेव फकीरा, कल्पेश बाविस्कर, अजय उर्फ कोयता पिल्ले को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

## केबी सड़क पर अब नहीं भरेगा नाले का पानी

- पूर्व नगरसेवक उमर इंजीनियर ने की इंजीनियरी
- 40 वर्ष से यहां बरसात में जमा होता था पानी

▸▸ उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में गत कुछ दिनों से जोरदार बारिश हो रही है, लेकिन केबी मुख्य सड़क केमिक्यूप कंपनी के पास नाले का एवं बरसाती पानी भर नहीं रहा है. इसका कारण क्या है कि यहां पर नाले का पानी जमा होना बंद हो गया है. शहर के पूर्व नगरसेवक जो कि इंजीनियर नहीं है, लेकिन उनका नाम उमर इंजीनियर है. केबी सड़क पर आ रहे पानी बंद करने के लिए उन्होंने ऐसी इंजीनियरी की है कि उनके सामने नपा के इंजीनियर भी फेल हो गए हैं. 15 दिनों पूर्व उन्होंने केमिक्वीप कंपनी के अंदर कृष्णा मंदिर के पास नाले के ऊपर का बना हुआ कल्वर्ट को उन्होंने जेसीबी मशीन से तोड़कर नाले के पानी को जाने का रास्ता बनाया. इसी नाले पर आगे पानी जाने के लिए तीन बड़े पाइप भी लगाए गए थे. इन पाइप को भी उन्होंने तीन दिनों तक मेहनत करके जेसीबी से तोड़ दिया. जिसके कारण नाले का पानी यहां पर जमा ना हो कर तेज रफ्तारी से आगे निकल रहा है.

अब नाले के पानी को जाने का रास्ता मिल जाने से केबी सड़क पर पानी जमा नहीं हो रहा है. गत 40 वर्षों से केबी सड़क पर बरसात में पानी भर जाने से अंबरनाथ से उल्हासनगर का संपर्क टूट जाता था. रोड को बंद करके पुलिस का पहरा लग जाता था. ताकि कोई हादसा ना हो जाए. अब इससे छुटकारा मिल गया है. वाहन चालकों, रिक्शा चालकों ने केबी रोड पर पानी नहीं भरने से राहत की सांस ली है और उमर इंजीनियर के इस कार्य की सराहना की है. इस सड़क पर के दुकानदार फैजी भाई ने हमें बताया कि यहां बरसाती पानी एवं नाले का पानी बरसात में भर जाने से उनकी दुकानों में पानी भर कर नुकसान होता था. उमर इंजीनियर द्वारा नाले का कल्वर्ट और तीन पाइप तोड़ने से अब पानी नहीं भर रहा है.

## महाराष्ट्र को हिला देने वाली घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन




**कल्याण.** महाराष्ट्र को हिला देने वाली दो घटनाएं ठाणे और रायगढ़ जिलों में हुईं। यशश्री शिंदे की उरण में बेरहमी से हत्या कर दी गई, जबकि मंदिर के सेवकों द्वारा एक विवाहित महिला पर अत्याचार और नृशंस हत्या का मामला भी ताजा है. म्हारल गांव में इन दोनों लड़कियों को श्रद्धांजलि दी गई.

इस मौके पर उद्धव सेना के शहर प्रमुख प्रकाश चौधरी, महिला संगठक भावना भारिम्बे सहित उपस्थित पदाधिकारियों ने इन दोनों अमानवीय घटनाओं की निंदा की. म्हारल की युवा सेना के निकेत व्यवहारे ने कहा कि महाराष्ट्र में महिलाएं असुरक्षित हैं. जहां एक ओर सरकार ने महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मेरी लाडली बहन योजना शुरू की है, वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र सरकार को महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए मेरी लाडली बहन बचाओ अभियान शुरू करना चाहिए। उन्होंने मांग की कि विधानसभा चुनाव से पहले दोनों पीड़ितों के हत्यारों को मौत की सजा दी जानी चाहिए।

### गुलशन कुमार हत्याकांड में सह-आरोपी गिरफ्तार

**ठाणे.** शील-डायघर और मुंब्रा पुलिस थाने की हद में एमडी पाउडर बेचने वाले इम्तियाज मर्चेंट को मुंब्रा पुलिस गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 60 ग्राम एमडी पाउडर भी जब्त किया है. यह कार्रवाई मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक अनिल शिंदे के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक रोहित केदार और उनकी टीम ने की. उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(सी), मुंब्रा पुलिस स्टेशन में धारा 22 (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी 1997 में गुलशन कुमार हत्याकांड और 2000 में इम्तियाज मर्चेंट जैनुद्दीन चौगुले मामले में सह-अभियुक्त है. गुलशन कुमार हत्याकांड में उनके सगे भाई अब्दुल रऊफ मर्चेंट मुख्य आरोपी है. वह फिलहाल जेल में है. इस बीच, इस बात की जांच चल रही है कि वह एमडी किससे लेकर आया था।

## बारिश की आड़ में केमिकल कंपनियां अपशिष्ट जल छोड़ रही उल्हास नदी में

- प्रशासन कर रहा नजरअंदाज



**बदलापुर.** बदलापुर पूर्व क्षेत्र में शहरवासियों पर प्रदूषण अपना कहर बरपा रहा है. एमआईडीसी में कई रासायनिक कंपनियां भारी बारिश की आड़ में कंपनियों का अपशिष्ट जल को बिना उपचारित किए सीधे बारिश के पानी के साथ उल्हास नदी में छोड़ रही हैं.

सीईटीपी संयंत्र में जमा अपशिष्ट कंपनियों के बाहर भारी बारिश होने के बाद यह पानी बिना किसी उपचार के सीधे उल्हास नदी की ओर छोड़ दिया जाता है। बदलापुर पूर्वी एमआईडीसी क्षेत्र की कई कंपनियां हवा में भी रसायन छोड़ती हैं। इतना ही नहीं, इस्तेमाल किए गए रसायन और अपशिष्ट पदार्थ भी सीवरों में फेंक दिए जाते हैं। एमआईडीसी में रासायनिक कंपनियों में विस्फोट के कारण श्रमिकों की मौत के मामले भी सामने आए हैं। इतना ही नहीं केमिकल कंपनियों की आग के कारण शहर में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ रहा है. कई रासायनिक कंपनियां खुलेआम हवा में रसायन छोड़ती हैं और इसकी तेज गंध के कारण बदलापुरवासियों को काफी मानसिक पीड़ा उठानी पड़ती है। इसके अलावा, कई रासायनिक कंपनियों ने बरसात के मौसम में उल्हास नदी में अत्यधिक जहरीले रसायनों का उत्सर्जन बढ़ा दिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की लापरवाही के कारण ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं. महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का कार्यालय कल्याण में स्थित है। यह बदलापुर में कंपनियों पर कोई नियंत्रण नहीं रखता है। इसलिए, बदलापुर के नागरिक कल्याण स्थित महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यालय में बैठकर कागजी घोड़े दौड़ाने वाले क्षेत्रीय अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

## जांभुल गांव में लगेंगे 10 हजार पेड़



**कल्याण.** कल्याण तालुका में अंबरनाथ शहर के द्वार पर स्थित जांभुल गांव जल्द ही जांभल गांव बन जाएगा। हालाँकि गाँव का नाम जांभुल है, लेकिन यहाँ बैंगनी पेड़ कम हो गए थे। इसलिए ग्राम पंचायत ने गांव की मूल पहचान वापस लाने की तैयारी शुरू कर दी है और कंपनियों की सामाजिक जिम्मेदारी के तहत 10 हेक्टेयर जमीन पर 10 हजार बैंगनी रंग के पेड़ लगाने जा रही है. यह वृक्षारोपण 2 अगस्त को किया जायेगा। इसके साथ ही यहां 3 हेक्टेयर में 3 हजार 300 बांस लगाए जाएंगे. जांभुल गांव अंबरनाथ शहर के द्वार पर कल्याण तालुका में एक गांव है और उल्हास नदी से तट पर है। अंबरनाथ शहर के चिखलोली इलाके से एक सड़क इस गांव तक जाती है। उल्हास नदी के तट पर स्थित जांभुल गांव अपनी विभिन्न गतिविधियों के कारण हमेशा सुर्खियों में रहा है। इस गांव के कई सरपंचों ने समय-समय पर मांग की कि उन्हें अंबरनाथ तालुका में शामिल किया जाए और भौगोलिक समस्या से छुटकारा दिलाया जाए। लेकिन अभी तक इसमें सफलता नहीं मिल पाई है. चूँकि गाँव का नाम जाम्भुल है, इसलिए यह सवाल हमेशा उठता है कि क्या इस गाँव में जाम्भुलों का बगीचा है या बड़ी संख्या में पेड़ हैं। हालाँकि गाँव का नाम जम्भुल है, लेकिन गाँव में ऐसे बैंगनी रंग के पेड़ ज़्यादा नहीं हैं। इसलिए, स्थानीय ग्राम पंचायत के सदस्यों ने गांव के नाम पर बैंगनी रंग रखने के उद्देश्य से तैयारी शुरू कर दी। इसके लिए उन्होंने सामाजिक संस्थाओं की खोज शुरू की है. उसी समय ग्राम पंचायत के सरपंच परीक्षित पिसल को जानकारी मिली कि हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी सामाजिक परोपकार के लिए एक अच्छे प्रोजेक्ट की तलाश में है। इसके मुताबिक कंपनी की सामाजिक परोपकार योजना के जरिए गांव में बैंगनी रंग के पेड़ लगाने की मांग की गई. कंपनी ने इसके लिए तत्परता भी दिखाई. इसके अनुसार गांव में गुरुचरण की 10 हेक्टेयर भूमि पर जांभल लगाए जाने हैं। सरपंच परीक्षित पिसल ने बताया कि 2 अगस्त को जिला कलेक्टर अशोक शिंगारे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, स्थानीय विधायक किसन कथोरे, तहसीलदार और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया जाएगा. पिसल ने कहा है कि 10 हेक्टेयर जमीन पर 10 हजार बैंगनी पेड़ और 3 हजार 300 बांस लगाए जाएंगे. ये पेड़ गांव की पहचान उजागर करेंगे।

**लाडली बहन योजना के चलते**

## सिलाई मशीनों का वितरण लटका



▸▸ मोहनसिंह धामी

**उल्हासनगर.** लोकसभा चुनाव से पहले राज्य की महागठबंधन सरकार द्वारा महिलाओं को सिलाई मशीन और घर की घंटियां बांटने की जो योजना लागू की गई थी. लोकसभा चुनाव और सिस्टम के क्रियान्वयन में व्यस्तता के कारण रुका हुआ है। आज भी 3 हजार 197 महिलाएं सिलाई मशीन और घरघंटी का इंतजार कर रही हैं. मनपा उपायुक्त सुभाष जाधव ने आवंटन प्रक्रिया शुरू करने का संकेत दिया है.

महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने जरूरतमंद महिलाओं से सिलाई मशीन और घर की घंटियों के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे थे ताकि वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। आवेदन की जांच के बाद विभाग के माध्यम से लाभार्थी महिलाओं की सूची जारी की गई और प्रायोगिक तौर पर प्रांतीय कार्यालय मैदान में सिलाई मशीन और घर की घंटी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के अगले दिन ही सिलाई मशीन, घरघंटी वितरण का काम रोक दिया गया। लोकसभा के बाद शिक्षक और स्नातक चुनाव की आचार संहिता 7 जुलाई तक थी. इसलिए महिलाओं को सिलाई मशीनें और घर की घंटियां नहीं बांटी गईं. यह जानकारी उपायुक्त सुभाष जाधव और महिला एवं बाल कल्याण विभाग प्रमुख नितेश रंगारी ने दी.

लोकसभा और शिक्षक व स्नातक चुनाव की आचार संहिता खत्म होने के बाद मशीन और घरघंटी पाने के लिए महिलाओं ने मनपा और बाल कल्याण विभाग में चक्कर लगाना शुरू कर दिया है। हालांकि, उपायुक्त ने संकेत दिया कि आवंटन प्रक्रिया जल्द शुरू होगी.

### सिलाई मशीनें, घरघंटी वितरित करें- बोडारे

ठाकरेसेना के जिला अध्यक्ष धनंजय बोडारे को महिलाओं से शिकायत मिली कि सिलाई मशीनें और घरघंटी वितरित नहीं की गईं। इसके बाद वे प्रतिनिधिमंडल के साथ कमिश्नर से मिले और सिलाई मशीन व घरघंटी वितरण की मांग की.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## उत्साह जगाती है मनु भाकर की उपलब्धि

पेरिस में चल रहे ओलंपिक खेलों का अभी शुरुआती दौर है और पदक तालिका में देशों और खिलाड़ियों के नाम दर्ज होने शुरू हुए हैं। भारत के नाम भी एक पदक दर्ज हुआ है। इससे आगे के सफर के लिए उम्मीद जगती है। रविवार को भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने दस मीटर एअर पिस्टल निशानेबाजी के महिला वर्ग में प्रतिभागी देशों के खिलाड़ियों को अच्छी चुनौती दी और उन्हें 221.7 अंक हासिल हुए। अंतिम दौर में वे तीसरे स्थान पर रहीं। उन्हें इस वर्ग की प्रतियोगिता में कांस्य पदक मिला और इसी के साथ पेरिस ओलंपिक में भारत के नाम पहला पदक दर्ज हुआ। अभी भारत को अन्य कई खेलों में हिस्सा लेना है और उसमें विश्व स्तर के खिलाड़ियों की क्षमताओं की चुनौतियों का सामना करना है। मगर पिछले कुछ वर्षों में हुई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के दौरान कुछ खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन से जैसे उत्साहजनक संकेत मिले हैं, उससे पेरिस ओलंपिक में भी उनसे पदक लाने की उम्मीद है।

निशानेबाजी में मनु भाकर को मिले कांस्य पदक के साथ ही इस खेल में पदक मिलने का भारत का पिछले बारह वर्ष का इंतजार खत्म हुआ। दरअसल, इस उपलब्धि के साथ ही पहली निशानेबाज बन कर मनु भाकर ने एक इतिहास रच दिया है। हालांकि इससे पहले तोक्यो ओलंपिक में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा था और इसके लिए उन्हें कुछ आलोचनाएं भी झेलनी पड़ीं, लेकिन प्रसिद्ध कवयित्री और मानवाधिकार कार्यकर्ता माया एंजेलो की कविता 'स्टिल आइ राइज' यानी अभी मुझे आगे बढ़ना है से प्रेरणा लेने वाली मनु भाकर फिर से उठ खड़ी हुईं और अब वे ओलंपिक में पदक विजेता हैं।

अब देखना है कि निशानेबाजी में भारत के अन्य खिलाड़ी और क्या हासिल कर पाते हैं। मनु भाकर को मिले कांस्य की अहमियत पदक तालिका में कुल नतीजों से अलग इस रूप में है कि किसी भी खेल प्रतियोगिता में शुरुआती जीत या हावी होने की स्थितियां बाकी खेलों के प्रदर्शन में भी दम भरती हैं। इस लिहाज से देखें तो पिछले ओलंपिक की पदक तालिका में संतोषजनक जगह बना सकने वाली भारतीय खिलाड़ियों की टीम के लिए मनु भाकर की उपलब्धि उत्साह बढ़ाने वाली साबित हो सकती है।

# बांग्लादेशियों को शरण देने को उतावली ममता बनर्जी

पिछले दिनों तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा बांग्लादेश के लोगों को राज्य में शरण देने का बयान हतप्रभ करने वाला रहा। सामान्य तौर पर किसी राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा ऐसे बयान की कल्पना नहीं की जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय नियम कहते हैं कि किसी दूसरे देश की आंतरिक समस्या में तब तक हस्तक्षेप नहीं किया जाता, जब तक वहां मानवाधिकारों का लगातार सरेआम उल्लंघन नहीं हो रहा हो।

संबंधित देश अगर अपने निर्दोष नागरिकों के विरुद्ध अत्याचार करने लगे तभी अंतरराष्ट्रीय समुदाय या कोई देश उसके खिलाफ सामने आ सकता है, लेकिन यह भी राष्ट्र की नीति होती है, किसी राज्य की नहीं। राज्य सरकार ज्यादा से ज्यादा केंद्र के समक्ष अपनी इच्छा प्रकट कर सकती है कि हमें इस संदर्भ में कैसी नीति अपनानी चाहिए।

यह चिंताजनक है कि देश की एक मुख्यमंत्री, जो केंद्र में भी मंत्री रह चुकी हैं, सरेआम अपनी संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन करें। इस तरह का बयान देने का हक प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री या फिर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता को ही हो सकता है। बांग्लादेश को ममता बनर्जी का यह वक्तव्य स्वाभाविक ही आपत्तिजनक लगा है, तभी सधे हुए शब्दों में वहां की सरकार ने इसका प्रतिवाद किया।



ममता बनर्जी का बयान अनायास नहीं हो सकता। वास्तव में बंगाल में लगभग 30 प्रतिशत मुस्लिम वोट उनके सत्ता में बने रहने का एक बड़ा आधार बन चुका है। लगता है वह इसके लिए किसी सीमा तक जाने को तैयार हैं। मुस्लिम वोट की राजनीति भारत में ऐसे ही होती रही है। यही ममता बनर्जी बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में मजहबी रूप से पीड़ित गैर मुसलमानों को मानवता के आधार पर नागरिकता देने के लिए भारत सरकार द्वारा बनाए गए कानून सीएए का मुखर होकर विरोध कर रही हैं।

भारत के ज्यादातर दलों ने सेक्युलरवाद की इसी तरह धज्जियां उड़ाई हैं। भारत ने दूसरे देशों के नागरिकों को शरण दी है। उदाहरण के लिए म्यांमार से आए 79 हजार शरणार्थी भारत में रह रहे हैं। तमिलनाडु के शरणार्थी शिविरों में श्रीलंका से आए 58 हजार 457 श्रीलंकाई तमिल रह रहे हैं। 1959 में तिब्बत में चीनी हस्तक्षेप के बाद बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा के साथ आए लगभग एक लाख शरणार्थी भी अलग-अलग जगहों पर शरण पाए हुए हैं।

यह निर्णय किसी राज्य सरकार ने नहीं किया। ममता बनर्जी ने भारत के स्वयंभू शासन की तरह व्यवहार किया है। उन्हें पता होना चाहिए कि शरण देने का दायित्व भी केंद्र सरकार का ही है, कोई राज्य सरकार ऐसा नहीं कर सकती। यद्यपि हमारे देश में शरण देने को लेकर कोई उपयुक्त कानून नहीं है। भारत संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी संबंधी व्यवस्था का सदस्य नहीं है।

इसी तरह 1990 में प्रवासी मजदूरों के लिए तैयार कन्वेंशन आफ माइग्रेंट वर्कर्स के 59 सदस्य देशों में भी भारत नहीं है। 1967 के प्रोटोकाल रिलेटेड टू द स्टेटस आफ रिफ्यूजीज पर भी भारत ने हस्ताक्षर नहीं किया है। हालांकि भारत अपनी स्वाभाविक संवेदनशीलता के अनुरूप इनका पालन करता है।

एक तरफ विपक्षी सांसद संविधान लहराते हुए बता रहे हैं कि हम संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और दूसरी ओर ममता बनर्जी स्वयं इस तरह संविधान का उल्लंघन करती नजर आ रही हैं। क्या ममता का बयान संघीय ढांचे पर प्रहार नहीं है? अगर ममता बनर्जी के बयान का विरोध नहीं हुआ तो आगे कोई दूसरी राज्य सरकार पाकिस्तान, अफगानिस्तान या फिर चीन को लेकर भी दरवाजा खोलने की बात कर सकती है।

जिन पश्चिमी देशों ने संयुक्त राष्ट्र के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शरणार्थियों और आप्रवासियों के लिए लोकतंत्र और मानवाधिकार आदि राजनीतिक विचारधारा के नाम पर निहित स्वार्थों के कारण आश्रय देने की व्यवस्थाएं बनवाईं, अपने यहां मानवाधिकारों एवं मजहबी स्वतंत्रता की रक्षा के नाम पर कानून बनाए और फिर दुनिया को भी ऐसा ही करने की सीख दी, आज उन्हीं देशों में इसके विरुद्ध कदम उठाए जा रहे हैं।


संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हमारी आत्मा का बाहरी रूप ध्यान है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# धोखे के धंधे में जान गंवा रहे हैं बेरोजगार

रूस में एक और भारतीय युवक के युद्ध में मारे जाने को लेकर आवाजें उठनी शुरू हो गई हैं। लोकसभा में विपक्ष के एक नेता के सवाल के जवाब में विदेश राज्यमंत्री ने कहा कि रूस ने अपनी सेना में भर्ती दस भारतीय युवकों को मुक्त कर दिया है और वे जल्दी ही वापस लौट आएंगे। इसी महीने प्रधानमंत्री ने रूस यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात में यह मुद्दा उठाया था और कहा गया था कि रूस ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। बाकी युवाओं के भी जल्दी वापस लौटने की उम्मीद है।

हालांकि अभी तक इस बात की ठीक-ठीक जानकारी नहीं है कि कितने भारतीय युवा रूसी सेना में शामिल किए गए हैं और उनमें से कितनों को युद्ध क्षेत्र में अगली कतार में तैनात किया गया है। पिछले दिनों जब दो भारतीय युवाओं के युद्ध में मारे जाने की खबर आई थी, और कुछ युवाओं ने अपनी तस्वीर डाल कर रिहाई की गुहार लगाई थी, तब इस बात का खुलाया हुआ था कि बड़ी संख्या में भारतीय युवाओं को रोजगार दिलाने के नाम पर धोखे से रूसी सेना में तैनात कर यूक्रेन के साथ युद्ध में तैनात किया गया है। तब भी सरकार ने आश्वस्त किया था कि ऐसे नौजवानों को वापस लाने की कोशिश की जा रही है।

दरअसल, नौकरी दिलाने के नाम पर कुछ एजंटों ने युवाओं से भारी रकम लेकर फर्जी कागजात के जरिए गुप्त रास्तों से उन्हें रूस भेज दिया। शुरू में इन नौजवानों को सुरक्षा सहायक के तौर पर भर्ती किया गया और फिर डरा-धमका कर युद्ध क्षेत्र में धकेल दिया गया। कुछ लोगों का अनुमान है कि सौ से ऊपर ऐसे युवा रूसी सेना में शामिल कर लिए गए हैं। अब सरकार ने उन एजंटों की पहचान शुरू कर दी है, जो धोखे से नौजवानों को विदेशों में नौकरी के लिए भेजती हैं। कुछ एजंट पकड़ भी लिए गए हैं।



हालांकि इस तरह फर्जी कागजात बना कर युवाओं को नौकरी दिलाने के नाम पर विदेश भेजने का धंधा कोई नया नहीं है। ऐसे लोगों पर शिकंजा कसने के अनेक प्रयास हो चुके हैं, लोगों से अपील की जाती है कि विदेश मंत्रालय में पंजीकरण करा कर ही दूसरे देश में नौकरी आदि के लिए जाएं, मगर फिर भी गलत तरीके से विदेश जाने का सिलसिला रुक नहीं रहा। सरकार के सामने मुश्किल तब खड़ी हो जाती है, जब इस तरह दूसरे देशों में गए लोग किसी मुसीबत में फंस जाते हैं।

हमारे देश में बेरोजगारी का आलम यह है कि एक पद के लिए हजारों अभ्यर्थी कतार में लग जाते हैं। वे किसी भी तरह रोजगार पाना चाहते हैं। दूसरे देशों में चूंकि रोजगार के अवसर अधिक हैं और वहां वेतन आदि भी अच्छा मिल जाता है, इसलिए किसी भी दूसरे देश में जाने को तैयार रहते हैं। इसके लिए जमीन-जायदाद बेच कर एजंटों को पैसा देने को भी तैयार हो जाते हैं। इसी ललक का फायदा एजंट उठाते हैं। रूस भेजे गए नौजवानों को अगर वहां की सेना में भर्ती कर युद्ध क्षेत्र में तैनात न किया गया होता, तो यह मामला भी सामने न आता। ऐसे में फिर से सरकार के सामने यह प्रश्न रेखांकित हुआ है कि आखिर वह कबूतरबाजी करने वाले एजंटों पर नकेल कसने और गलत रास्ते से विदेश जाने वाले युवाओं को जागरूक कर पाने में सफल क्यों नहीं हो पा रही।

# 19वीं सदी में डूबा था जहाज, 170 साल बाद मिला कीमती खजाना

जरा हट के

एक अजीब सा जहाज ऐसा मिला है, जिसमें सोना चांदी या अपने जमाने के कीमती सिक्के या हीरे जवाहरत नहीं थे. ना ही उसमें पुराने दौर की कीमती कलाकृतियां थी. जब यह मिला तो गोताखोरों को इसमें मिली चीजें हैरान करने वाली थी, खास बात यह थी 170 साल बाद भी ये चीजें पूरी तरह से संरक्षित थी. उन्हें जहाज में पुरानी बोतलें मिली थी. लेकिन उन्हें पता नहीं था कि उन्हें भी कीमती खजाना ही मिला है

गहरे बाल्टिक सागर में शैंपेन की बोतलों से लदा एक 19वीं सदी का जहाज का मलबा अच्छी हालत में मिला. स्वीडन के दक्षिणी तट पर पोलिश गोताखोरों की एक टीम ने यह खोज की. खोज करने वाली बाल्टिकटेक टीम के बयान के अनुसार, प्राचीन नौकायन जहाज "शैंपेन, वाइन, मिनरल वाटर और चीनी मिट्टी से लदा हुआ था."



मलबे की खोज करने वाली गोताखोरी टीम के नेता टॉमस स्टाचुरा ने सीएनएन को बताया, "मैं 40 सालों से गोताखोरी कर रहा हूं, और अक्सर ऐसा होता है कि एक या दो बोतलें मिलती हैं लेकिन इतने सारे माल के साथ जहाज का मलबा मिलना मेरे लिए पहली बार है,". जब गोताखोरों ने पहली बार सोनार पर मलबा देखा, तो उन्हें लगा कि यह मछली पकड़ने वाली नाव है. लेकिन जब उनके दो गोताखोर लगभग दो घंटे तक चले गए, जो कि एक त्वरित गोता लगाने के लिए था, तो उन्हें पता चला कि उन्हें कुछ दिलचस्प मिला है.

टीम को शैंपेन की 100 से ज़्यादा बोतलें और मिनरल वाटर की मिट्टी की बोतलें मिलीं. जबकि शैम्पेन अधिक मूल्यवान लग रहा था, बाल्टिकटेक के अनुसार यह मिनरल वाटर था जो अधिक कीमती था. बाल्टिकटेक के बयान में कहा गया है, "इसका मूल्य इतना कीमती था कि इन्हें सही जगह पहुंचाने के लिए के लिए पुलिस की निगरानी की जरूरत पड़ी थी."

पुराने दिनों में, मिनरल वाटर केवल राजघरानों तक ही पहुंचता था और इसे लगभग दवा की तरह माना जाता था. पानी की बोतलों पर सेल्टर की मुहर लगी थी, जो उन दिनों एक बहुत ही खास जर्मन ब्रांड था जो आज भी मौजूद है.

# इन देशों में बैन हैं ये भारतीय पकवान

भारत विविधताओं का देश है। भौगोलिक आधार पर देश में अलग धर्मों, समुदाय और संस्कृतियों के लोग रहते हैं। सबका रहन-सहन अलग होने के साथ ही खानपान में भी अंतर पाया जाता है। भारत में उत्तर से दक्षिण तक विभिन्न स्थानीय भोजन का स्वाद तो चखने को मिलता ही है, साथ ही विदेशी खाने का जायका भी यहां आसानी से मिल जाता है। चायनीज हो या इटालियन खाना, भारतीय अपने स्वाद के साथ विदेशी व्यंजनों के मिश्रण से खास स्वाद का पकवान तैयार कर लेते हैं।

भारत यात्रा पर आए विदेशी भारतीय पकवानों के जायके को पसंद करते हैं और अपने देश जाकर भारत के खाने की तारीफ करते हैं। लेकिन विदेशों में भारत के कुछ मशहूर व्यंजन पूरी तरह से बैन हैं। कई ऐसे व्यंजन हैं, जिनका भारत की अधिकतर आबादी लगभग रोजाना सेवन करती है, लेकिन इन खाद्य पदार्थों को विदेश में सेवन के लिए प्रतिबंधित किया गया है। आइए जानते हैं भारत में लोकप्रिय व्यंजनों के बारे में, जो विदेशों में प्रतिबंधित हैं।

### ■ घी



घी भारत में खूब खाया जाने वाला वसा पदार्थ है, जिसे गाय या भैंस के दूध से तैयार किया जाता है। घी विटामिन डी का बेहतरीन स्त्रोत है जो कैल्शियम का अवशोषण बढ़ाता है। यह कई स्वास्थ्य समस्याओं में फायदेमंद हो सकता है लेकिन अमेरिका ने घी पर पाबंदी लगा रखी है। अमेरिका ने घी से कई गंभीर बीमारियां होने का खतरा बताते हुए इसके सेवन पर रोक लगा रखी है।

### ■ कैचअप

कैचअप एक मीठा और खट्टा स्वाद वाला सॉस है। इसे टमाटर कैचअप भी कहते हैं। इसका उपयोग भोजन के मसाले और एक घटक दोनों के रूप में किया जाता है। भारत में कैचअप बर्गर और फ्रेंच फ्राइज के साथ खाया जाता है। हालांकि फ्रांस में कैचअप बैन है। फ्रांस ने कैचअप को इसलिए प्रतिबंधित किया क्योंकि वह अपने यहां चीनी की खपत को कम करना चाहते हैं।



### ■ कबाब

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का मशहूर कबाब पूरे देश में खूब खाया जाता है। मुख्यतः कबाब नॉनवेज डिश है, जिसे मांस की तली हुई टिकिया भी कह सकते हैं। इसे रुमाली रोटी के साथ खाया जाता है। हालांकि वेनिस में कबाब पर रोक रखी है। वहां कि सरकार ने साल 2017 में कबाब को प्रतिबंधित कर दिया था ताकि शहर की परंपरा और अनुशासन बना रहे।

### ■ समोसा

भारत के लोकप्रिय स्नैक्स में से एक समोसा है। समोसा देशभर में बड़े चाव से खाया जाता है। यह एक तरह का तला या बेक किया हुआ भरवां नाश्ता है, जिसमें मैदे को तिकाना आकार देकर उसमें आलू की सब्जी को भरा जाता है और तेल में क्रिस्पी होने तक तला जाता है। हालांकि अल-शबाब ग्रुप ने सोमालिया में समोसा पर बैन लगा रखा है। इसका कारण है कि समोसे का त्रिकोण आकार ईसाई धर्म से जुड़ा हुआ है।

# कुट्टू के पकौड़े

खाना-खजाना

अगर आप फलाहार खाते हैं तो यहां हम आपकी मदद कर सकते हैं। आप चाहें तो आज सोमवार का व्रत खोलने के लिए कुट्टू के आटे की पकौड़ी और फलाहारी चटनी बना सकते हैं। ये खाने में काफी स्वादिष्ट लगती है। ये फलाहारी होती है, ऐसे में आप बिना सोचे महादेव को भी इसका भोग लगा सकते हैं। तो चलिए बिना देर किए आपको कुट्टू के आटे की पकौड़ी और फलाहारी चटनी बनाना सिखाते हैं।

### ■ सामग्री :

कुट्टू का आटा - 1 कप
आलू - 2
सेंधा नमक - स्वादानुसार
हरी मिर्च - 2-3
अदरक (कसी हुई)
धनिया पत्ती
घी - तलने के लिए

### विधि :

कुट्टू के पकौड़े बनाना काफी आसान है। इसे बनाने के लिए एक बर्तन में सबसे पहले कुट्टू का आटा लें। इसे छानने के बाद कटोरे में उबले और मसले हुए आलू, सेंधा नमक, बारीक कटी हुई हरी मिर्च, कद्दूकस की हुई अदरक डालें। आखिर में इसमें बारीक कटी धनिया पत्ती डालें।



अब इसे अच्छी तरह से मिलाकर इसमें थोड़ा सा पानी डालें और बेटर तैयार करें। ध्यान रखें कि इसका बेटर गाढ़ा ही रहना चाहिए। बेटर तैयार करने के बाद एक कढ़ाई में घी गर्म करें और फिर बेटर से छोटे-छोटे पकौड़े बनाकर गर्म घी में डालें और सुनहरे भूरे होने तक तलें। जब ये सुनहरे हो जाएं तो इसे एक प्लेट पर नैपकिन लगाकर उसपर निकाल लें।

# 3 कमाल की ट्रिक्स जो तेज कर सकती हैं चाकू की धार

किचन में चाकू का इस्तेमाल जमकर किया जाता है। फाइन चॉपिंग के लिए शार्प चाकू होना बहुत जरूरी है। अगर चाकू में धार न हो तो सब्जी और फलों को काटने में बहुत मुश्किल होती है। धार कम होने की वजह से मिनटों के काम को निपटाने में घंटो लग जाते हैं। कुछ लोग तो चाकू की धार कम होते ही उसे फेंक देते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो न करें। क्योंकि घर में कुछ ट्रिक्स को अपनाकर धार तेज की जा सकती हैं। जानिए, कैसे बढ़ाएं चाकू की धार।

### एल्युमिनियम फॉइल आएगा काम

एल्युमिनियम फॉयल को चाकू की धार को तेज करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले चाकू को साफ करके रख लें और एल्युमिनियम की फॉइल को इकट्ठा करके एक सख्त बॉल बना लें। अब इस फॉइल की बॉल को किचन काउंटर पर रखें और चाकू को 45 डिग्री पर रखकर धीरे-धीरे चलाएं। इस तरह चाकू के किनारे शार्प होंगे। इस तरीके की मदद से चाकू की खराब शेप को रिशेप कर सकते हैं।

### पत्थर का करें यूज

चाकू की कम धार को ठीक करने के लिए किसी ठोस पत्थर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए चाकू को पत्थर पर तेजी से घिसें। आप ग्रेनाइट पत्थर, मार्बल पत्थर या फिर किसी साधारण पत्थर पर चाकू को घिस कर उसकी धार बढ़ा सकते हैं। अगर घर में टाइल्सी की जगह पत्थर है तो आप जमीन पर चाकू को घीस कर भी उसकी धार बढ़ा सकते हैं। मगर ऐसा करते समय जमीन को पहले साफ कर लें। इस तरीके से चाकू की धार को तेज करने के बाद उसे गरम पानी में डालें और फिर चाकू को साफ कर लें।



### लोहे की रॉड की लें मदद

चाकू की धार को बढ़ाने के लिए पुरानी लोहे की रॉड का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए लोहे की रॉड को कुछ देर के लिए धूप में गरम होने के लिए रखें फिर जब रॉड गरम हो जाए तब उस पर चाकू को तेजी से घिसें। ऐसा करते समय थोड़ी सावधानी बरतें।

# ज्यादा काजू खाने से बढ़ने लगता है बैड कोलेस्ट्रॉल?

### ■ एक्सपर्ट से जानें इसे पीछे की पूरी सच्चाई

काजू एक ऐसा ड्राई फ्रूट है जो शायद ही किसी को पसंद नहीं होगा. काज खाने से सेहत को काफी ज्यादा फायदा होता है. काजू में कई सारे विटामिन और दूसरे पोषक तत्व मिलते हैं. साथ ही साथ अगर किसी को स्वास्थ्य संबंधी कोई भी परेशानी है तो काजू उसे ठीक कर देती है.



हालांकि कुछ लोगों को मानना है कि ज्यादा काजू खाने से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल तेजी से बढ़ने लगता है. आइए जानें इसके पीछे की क्या सच्चाई है. हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक काजू खाने से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल नहीं बढ़ता है. क्योंकि काजू में हेल्दी फैट्स होते हैं. वहीं मूंगफली और काजू जीरो कोलेस्ट्रॉल होते हैं. नई स्टडीज के मुताबिक डाइटरी कोलेस्ट्रॉल का शरीर पर कोई खास असर नहीं होता है.

### काजू में विटामिन और मिनरल भरपूर मात्रा में होते हैं

काजू हेल्दी ड्राई फ्रूट्स होते हैं. इसमें विटामिन E, विटामिन K, विटामिन B6, जिंक, प्रोटीन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, आयरन और फाइबर भरपूर मात्रा में होते हैं. हार्ट को हेल्दी रखने के लिए काजू काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. काजू में मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसैचुरेटेड फैट होते हैं जो बैड (LDL) को कम करने में मदद करते हैं.

### गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ाता है काजू

हाल ही में हुए रिसर्च के मुताबिक काजू खाने से एलडीएल कोलेस्ट्रॉल बढ़ता नहीं है बल्कि (HDL) कोलेस्ट्रॉल बढता है. काजू में कई सारे एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो कई सारी बीमारियों को दूर रखते हैं. काजू खाने से ब्लड वेसल्स भी ठीक हो जाते हैं. इसके कारण खून के थक्के जमने का खतरा भी बढ़ता है. रोजाना काजू खाने से बीपी, ट्राइग्लिसराइड लेवल और कोलेस्ट्रॉल लेवल में मदद मिलती है. काजू खाने से वहीं बढ़ता है कोलेस्ट्रॉल. इसे खाने से गुड कोलेस्ट्रॉल ही बढ़ता है. हार्ट हेल्थ के लिए काजू बहुत अच्छा होता है. लेकिन फिर भी इसे एक लिमिट में खाना चाहिए. एक दिन में बहुत ज्यादा काजू खाने से पेट खराब होने लगता है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। समय अनुकूल है।

**वृषभ :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है।

**मिथुन :** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक काम करने की इच्छा रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। सुख के साधन प्राप्त होंगे। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। शारीरिक कष्ट संभव है। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस लग सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**सिंह :** किसी दूसरे व्यक्ति की बातों में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी में मातहतों से कहासुनी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। कुसंगति से बचें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**कन्या :** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्य हो सकता है। धन प्राप्ति सुगम होगी। शरीर में कमर व घुटने आदि के दर्द से परेशानी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। शत्रुभय रहेगा।

**तुला :** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। भाग्य का साथ रहेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे।

**वृश्चिक :** किसी वरिष्ठ प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कष्ट व भय सताएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**धनु :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। आय में निश्चितता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश सोच-समझकर करें। राजभय रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर :** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रशंसा होगी। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। व्यापार ठीक चलेगा।

**कुंभ :** दूर से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। घर में मेहमानों का आगमन होगा। कोई मांगलिक कार्य हो सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**मीन :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। किसी न्यायपूर्ण बात का भी विरोध हो सकता है। विवाद न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## संक्षेप...

### रिक्शा सवार महिला के गले से डेढ़ लाख की छीनी चेन



**भिवंडी.** भिवंडी पुलिस उपायुक्तालय क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है. आए दिन चोरी के साथ-साथ कई इलाकों में चोरी और चेन स्नैचिंग की घटनाएं हो रही हैं. भादवड़ में एक महिला के गले से डेढ़ लाख की सोने की चेन छीन कर दो पहिया वाहन सवार फरार हो गए. उक्त घटना से महिलाओं में भय का वातावरण व्याप्त है. वहीं भिवंडी पुलिस चेन स्नैचरो को पकड़ने में असफल साबित प्रतीत हो रही है.

पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मुंबई मुलुंड पश्चिम में रहने वाली (45) महिला अरमुगकानी वेलराज नाडार दोपहर करीब 2.30 बजे रिक्शे से भादवड़ स्थित स्वामी नारायण मंदिर जा रही थीं.काले दोपहिया वाहन पर सवार दो अज्ञात चोरों ने रिक्शे से बाइक से महिला के गले से डेढ़ लाख रुपए की पांच तोले की सोने की चेन खींच कर फरार हो गए.इस मामले में महिला की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर शांतिनगर पुलिस स्टेशन में चोरी का मामला दर्ज किया गया है.

# 44 लाख किसानों को मिलेगी मुफ्त बिजली

### राज्य सरकार ने शुरू की योजना



**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य के किसानों को बड़ी राहत देते हुए उनके लिए एक कल्याणकारी योजना शुरू की है. राज्य में किसानों को सिंचाई के लिए बिजली संबंधित परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री बलिराजा मुफ़्त बिजली योजना 2024' की शुरुआत की है. योजना के तहत अप्रैल 2024 से 7.5 हॉर्सपावर तक की क्षमता वाले कृषि पंप का उपयोग करने वाले सभी किसानों को मुफ्त में बिजली दी जाएगी. महाराष्ट्र के किसानों के लिए यह योजना मार्च 2029 तक प्रभावी रहेगी. इस योजना का किसानों को काफी लाभ मिलने की उम्मीद है.

महाराष्ट्र में किसानों को सिंचाई के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, इसे देखते हुए 'मुख्यमंत्री बलिराजा मुफ़्त बिजली योजना 2024' की शुरुआत की गई है. आने वाले समय में इस योजना में किसी भी तरह के बदलाव और योजना के प्रभाव की समीक्षा के लिए तीन साल बाद बैठक की जाएगी. योजना को चलाने के लिए राज्य सरकार ने पर्याप्त बजट भी आवंटित किया है. किसानों को मुफ्त बिजली देने के लिए 6985 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं. इसके अलावा बिजली की दरों में छूट के लिए अतिरिक्त 7775 करोड़ रुपये दिए गए हैं. इस तरह से राज्य भर के किसानों को बिजली की दरों में कुल 14,760 करोड़ रुपये की छूट दी जाएगी.

### किसानों का गुस्सा कम करने की कोशिश

माना जा रहा है कि यह पिछले लोकसभा चुनाव में प्रदेश के किसानों की नाराजगी सत्ता पक्ष के खिलाफ देखी गई थी. इस नाराजगी को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री बलिराजा मुफ़्त बिजली योजना 2024' की शुरुआत की है. योजना से संबंधित पूरी जानकारी हासिल करने के लिए महाराष्ट्र सरकार की अधिकारिक वेबसाइट पर जा सकते हैं. राज्य सरकार की इस योजना का लाभ राज्य के 44 लाख से अधिक किसानों को मिलेगा. योजना का लाभ लेने के लिए किसान ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह आवेदन कर सकते हैं.



**महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के साथ पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान उनकी पत्नी अमृता और बेटी दिविजा साथ थीं.**

# वीर शहीदों को श्रद्धांजलि



**भिवंडी.** सोशल वॉरियर्स फाउंडेशन, भिवंडी वॉरियर्स एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में कारगिल विजय दिवस का रजत महोत्सव मनाया गया. सर्वप्रथम भारत माता पूजन के साथ कारगिल वीर शहीदों को श्रदांजलि अर्पित की गई. भिवंडी के भारतीय सेना में सेवारत सैनिकों के परिवारों को सम्मान पत्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया.इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी शिल्पा दीदी, बिंदु दीदी एवं कारगिल हीरो भूतपूर्व सैनिक अनिल सुर्वे एवं भूतपूर्व सैनिक राजू पाटिल ने अपने मनोगत व्यक्त किये. कार्यक्रम में वरिष्ठ पोलिस निरीक्षक महादेव कुंभार, परेश चौगुले, प्रसाद कदम, संतोष चव्हाण, तेजस आढाव ,पूर्व सैनिक जगदीश पाटिल, पूर्व सैनिक अनिल सुंडकर, पूर्व सैनिक संतोष लाड, पूर्व सैनिक आनंद पवार,पूर्व सैनिक क्षीरसागर शिवशंकर, पूर्व सैनिक नीलेश केने, पूर्व सैनिक श्रीनिवास खामकर, एवं ब्रह्माकुमारी दीदियां और कार्यकर्ता एवं वॉरियर्स फाउंडेशन के प्रवीण लखारे, परेश फौजदार, विजय जाधव, शरद धुले, नितेश तरे, अम्बुज मिश्रा,श्रीकांत कामुर्ति, शैलेंद्र चौधरी, ईदरिस बाबा, सागर जैन, सुधाकर गाजुला, सुशांत शेट्टी,सचिन वाघमारे, कैलाश चव्हाण, फूलसिंह सोलंकी, सूरज भागवत, पंकज सिंह, कैलाश सूर्यवंशी, विक्रम भोईर, सोनू प्रसाद, ओम पौल, सरफराज अंसारी, विकाश भोईर, बंटी आग्रहरी, रवि सोनी, विजय गुप्ता, राजा गुप्ता, सनी जाधव, और वॉरियर्स अकेडमी के छात्र छात्राएँ उपस्थित थे.

# मनपा आयुक्त ने किया टिटवाला प्रसूतिगृह का निरीक्षण

### महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने का दिया निर्देश



**कल्याण.** गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने के लिए सोमवार को कल्याण-डोंबिवली महापालिका की आयुक्त डा.इंदुराणी जाखड़ ने टिटवाला प्रसूतिगृह का निरिक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ने गर्भवती महिलाओं से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानने का प्रयास किया। बतादें कि टिटवाला यह ग्रामीण इलाका है। यहां स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के चलते बीते वर्ष 2023 में केडीएमसी ने महिलाओं के लिए 50 बेड का प्रसूतिगृह बनाया था। महापालिका के अनुसार अभी तक इस अस्पताल में 705 नॉर्मल डिलीवरी और 211 सिजेरियन डिलीवरी हो चुकी है। साथ ही 48 मरीजों की नसबंदी की जा चुकी है। आयुक्त जाखड़ ने निरीक्षण के दौरान डॉक्टरों एवं स्टाफ से मुलाकात कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने की बात कही। इसके अलावा प्रसूतिगृह के बाहर दिशादर्शक बोर्ड, श्री गणेश मंदिर से प्रसूतिगृह तक जाने वाले रोड़ पर स्ट्रीटलाइट, गर्भवती महिलाओं की सुविधाओं के लिए अच्छा रास्ता बनाने के लिए आयुक्त जाखड़ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान शहर अभियंता अनिता परदेशी, अतिरिक्त आयुक्त हर्षल गायकवाड, परिमंडल-1 के उपायुक्त प्रसाद बोरकर, वैद्यकीय आरोग्य अधिकारी डा.दीपा शुक्ला, कार्यकारी अभियंता जगदीश कोरे, घनश्याम नवांगुल, सुरेंद्र टेंगले, वैद्यकीय अधिकारी डा. समीर सरवणकर आदि अधिकारी उपस्थित थे।

### उपवन तालाब में डूबने से युवक की मृत्यु

**ठाणे.** मानपाड़ा पुलिस स्टेशन के पीछे की इमारत में रहने वाले 19 वर्षीय करण सिंह नामक युवक की मंगलवार को शाम शहर के उपवन तालाब में डूबने से मौत हो गयी. मनपा के अपदानियंत्रण कक्ष को शाम को पांच बजे जानकारी मिली कि उपवन तालाब में एक युवक डूब रहा है. जानकारी मिलने के तुरंत बाद आपदा प्रबंधन विभाग के जवान ,वर्तकनगर पुलिस ठाणे के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंच गए. युवक को तालाब से बाहर निकाल कर उसे सिविल अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

# 10वीं-12वीं के विद्यार्थियों के सत्कार समारोह 5 को



**ठाणे.** क्षत्रिय समाज चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 5 अगस्त को 10वीं 12वीं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सत्कार समारोह का आयोजन काशीनाथ घाणेकर नाट्य गृह में किया जायेगा।यह जानकारी संस्था के संस्थापक विनय कुमार सिंह ने दिया है।उन्होंने बताया कि हर साल यह कार्यक्रम संस्था की ओर से किया जाता है। इस कार्यक्रम को लेकर क्षत्रिय समाज की एक बैठक को आयोजित किया गया था। हाल ही में की गई। जिसमें यह निर्णय लिया गया। समाज के जो बच्चे 10 वीं 12वीं में 70%या उससे अधिक अंक प्राप्त किया है उन बच्चों का सम्मान किया जायेगा। संस्था के संस्थापक एडवोकेट विनय कुमार सिंह और राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर सिंह सहित पूरी टीम ने आवाहन किया है कि क्षत्रिय परिवार से जुड़ा विद्यार्थी कार्यालय में संपर्क करे। मेधावी विद्यार्थियों के लिए क्षत्रिय समाज चैरिटेबल ट्रस्ट सदैव तत्पर है। संस्था के मार्गदर्शक प्रभाकर सिंह, अभिराम सिंह के मार्गदर्शन में शिवशांति प्रतिष्ठान पर विद्यार्थी सम्मान को लेकर बैठक ली गई जिसमे , संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, महिला जिला अध्यक्ष मनीषा सिंह, उपाध्यक्ष सरिता सिंह, सुषमा सिंह, मीरा सिंह शैला सिंह अनिता सिंह अन्य सदस्य बैठक में उपस्थित थे।

### सौतेले पिता ने साढ़े चार साल के बच्चे की कर दी हत्या

**ठाणे.** मोहम्मद दिलशाद मोहम्मद इमरान (23) ने अपनी पत्नी के पहले पति से पैदा हुए साढ़े चार साल के बेटे को पीटा. इस घटना में रीढ़ की हड्डी टूटने और अंदरूनी चोटों से उनकी मौत हो गई. इस मामले में चितलसर पुलिस ने मोहम्मद के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है और मोहम्मद को हिरासत में लिया गया है. मोहम्मद घोड़बंदर के चितलसर मानपाड़ा इलाके में एमएमआरडीए की किराये की इमारत में महिला के साथ रह रहा था। महिला को पहले पति से साढ़े चार साल का आर्यन नाम का बेटा था।

# गणेशोत्सव के लिए कोंकण प्रवास होगा सुखमय

### विधायक केलकर के प्रयास से 202 ट्रनों की विशेष फेरी

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** गणेशोत्सव पर्व पर कोंकण रेलवे से प्रवास करने के लिए कोंकण के ठाणे-मुंबई के रहिवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।इस समस्या से निजात दिलाने के लिए विधायक संजय केलकर ने रेलवे मंत्रालय में पत्र व्यवहार के माध्यम से कोंकण के लिए 202 विशेष ट्रेन छोड़ने का निर्णय रेलवे ने लिया है।रेल मंत्रालय के इस निर्णय से गणेशोत्सव पर्व पर यात्रा करने के लिए बड़ी राहत मिलेगी।कोंकण रेलवे से यात्रा करने के लिए तीन महीने पहले ही आरक्षण फूल हो जाता है।इसका कारण था कि ट्रेन की कमी यात्रियों को ट्रेनों में भीड़ भाड़ का सामना करना पड़ता था लेकिन अब यात्रा करना सुलभ होगा।विधायक संजय केलकर ने समय पर रेल मंत्रालय से पत्र व्यवहार कर गणेशोत्सव के लिए विशेष ट्रेन की मांग किया था।जिसको लेकर रेल मंत्रालय ने 202 ट्रेनों की फेरी बढ़ा दिया है।सीएसएमटी से सावंतवाडी 18 फेरी, सावंतवाडी से सीएसएमटी 18 फेरी, सीएसएमटी से रत्नागिरी व रत्नागिरी से सीएसएमटी के लिए 18 फेरी, दिवा-चिपलूण व चिपलूण-दिवा के लिए 18 फेरी, सीएसएमटी से कुडाल व कुडल से सीएसएमटी तीन फेरी, लोकमान्य टिलक टर्मिनस से कुडाल व कुडाल से लोकमान्य टिलक टर्मिनस 18 फेरी, लोकमान्य टिलक टर्मिनस से सावंतवाडी व सावंतवाडी से लोकमान्य टिलक टर्मिनस 18 फेरी, लोकमान्य टिलक टर्मिनस से कुडाल व कुडाल से लोकमान्य टिलक टर्मिनस के लिए 8 फेरी यानी कुल 202 फेरी उपलब्ध किया गया है।इन विशेष ट्रेनों से लाखों लोग कोंकण रेलवे से सुखमय यात्रा करेगें।इस विषय पर तमाम प्रवासी संगठनों ने विधायक केलकर का आभार व्यक्त किया।



# यशश्री शिंदे हत्याकांड में मुख्य आरोपी दाऊद शेख कर्नाटक से गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई में पिछले दिनों यशश्री शिंदे नाम की युवती की दर्दनाक तरीके से हत्या कर दी गई थी। अब इस हादसे में मुंबई पुलिस ने हत्याकांड के आरोपी दाऊद शेख को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, दाऊद को कर्नाटक के गुलबर्गा से पुलिस ने पकड़ा है।

पीड़िता यशश्री शिंदे के गुरुवार को लापता होने की सूचना मिली थी और इसके बाद उनका शव शनिवार को नवी मुंबई के उरण में एक रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों में मिला। यशश्री की कमर और पीठ पर चाकू से हमला किया गया था,



साथ ही 20 साल की यशश्री के प्राइवेट पार्ट को भी बुरी तरह से कुचला गया था। वह उरण की रहने वाली थी और करीब 25 किलोमीटर दूर बेलापुर में काम करती थी। अधिकारियों ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया था कि प्रेम संबंध में गड़बड़ी के बाद महिला की हत्या की गई। लड़की का प्रेमी भी लड़की के साथ लापता हो गया था और अभी तक नहीं मिला है। हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और उसका पता लगाने के लिए पांच पुलिस टीमें गठित की गई हैं। इस बीच उरण पुलिस ने कर्नाटक से मोहसिन नाम के एक अन्य शख्स को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मोहसिन भी यशश्री शिंदे के संपर्क में था, जिसे लेकर दाऊद शेख और यशश्री शिंदे के बीच अक्सर विवाद होता रहता था।

### छात्र की करंट लगने से मौत

**कल्याण.** बारिश के कारण घर में पानी टपक रहा था, ऐसे में एक महिला ने एक छात्र को अपने घर की छत पर ले गई। छत की मरम्मत का कार्य करते समय छात्र को करंट लग गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में मृतक छात्रों के परिजनों की शिकायत पर मानपाड़ा थाने में घर के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. मृतक छात्र की पहचान रोशन रमेश जाधव (18) के रूप में हुई है। इस मामले में रोशन के चाचा सूर्यकांत जाधव ने मानपाड़ा थाने में शिकायत दर्ज करायी है.

# 24 घंटे में 3 नाबालिग लड़कियों का अपहरण

**भिवंडी.** भिवंडी शहर में अलग-अलग इलाकों से 24 घंटों के दौरान ही 3 नाबालिग लड़कियों के अपहरण की शिकायत नजदीकी पुलिस में दर्ज करायी गयी है.घटना की वजह से नाबालिग बच्चियों के अभिवावकों में भय का वातावरण व्याप्त है. गायत्रीनगर, रामनगर निवासी रीमा श्रवण कुमार गुप्ता की 16 वर्षीय बेटी लाजू को 27 जुलाई की सुबह करीब 7:30 बजे घर से एक अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर उसके परिवार से अलग कर अपहरण कर ले गया.एक अन्य घटना में, पीरानीपाड़ा शांतिनगर रोड के मोहम्मद अली हुसैन की 16 साल और 10 महीने की बहन घर में सो रही थी. सुबह 5 बजे के आसपास वह नहीं दिखी. इलाके में और उसके रिश्तेदारों के यहां खोजा गया, तो वह नहीं मिली तब माता-पिता ने शिकायत दर्ज कराई. दोनों मामलों में शांतिनगर पुलिस स्टेशन में अपहरण का मामला दर्ज किया गया है. तीसरी घटना में, नारपोली, विठ्ठलनगर के ऐनुलहक मोहम्मद शमीम अंसारी की नाबालिग बेटी उम्र 17 साल और 3 महीने, 25 जुलाई को लगभग 5 बजे सब्जी लाने के लिए विठ्ठल नगर के बाजार में गई जिसके बाद वह घर नहीं लौटी. काफी तलाश करने पर जब वह नहीं मिली तब उन्हे लगा कि उसका किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण कर लिया है. लड़की के पिता की शिकायत के आधार पर भोईवाड़ा पुलिस स्टेशन में अपहरण का मामला दर्ज कर लिया गया है.




# 3 शादी करना चाहती हैं अनन्या

अनन्या पांडे कुछ दिनों पहले अंबानी परिवार के फंक्शन में बिल्कुल मस्ती के मूड में नजर आईं। वह बारात में डांस करने से लेकर, संगीत की परफॉर्मेंस के दौरान काफी एंजॉय करती दिखीं। इस बीच अब एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह अपने वेडिंग प्लान्स के बारे में बात करती हैं। अनन्या कहती हैं कि वह एक नहीं बल्कि 3 शादी करना चाहती हैं।

दरअसल, शो फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स के एक एपिसोड के दौरान जब अनन्या के पैरेंट्स चंकी और भावना पांडे 25वीं सालगिरह पर दोबारा शादी करने का प्लान करते हैं तो तब शनाया कहती हैं कि मुझे लगता है कि हमारे फ्रेंड ग्रुप में अनन्या, शनाया और सुहाना खान से पहले शादी करेंगी। जब शनाया कहती हैं कि वह ट्रेडिशनल वेडिंग चाहती हैं तो अनन्या कहती हैं कि हां मुझे भी। मुझे 3 शादी करनी है। मुझे कई सारे फंक्शन्स करने हैं।












यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099